

*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज खेल व युवा विभाग की समीक्षा बैठक ली। इस समीक्षा में खेल एवं युवा मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, मुख्य सचिव सुधांश पंत, शिखर अग्रवाल, आलोक गुप्ता आदि वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।*

# मुख्यमंत्री ने खेल एवं युवा मामले विभाग की समीक्षा की

## राजस्थान का युवा बेहद प्रतिभाशाली, खेलों में उपलब्ध करवाएंगे विश्वस्तरीय सुविधाएं -मु.मंत्री

जयपुर, 18 नवंबर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान का युवा बेहद प्रतिभाशाली है तथा यहां की खेल प्रतिभाओं में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन की क्षमता मौजूद है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा खेल क्षेत्र में विश्वस्तरीय सुविधाएं विकसित की जा रही हैं, जिससे खिलाड़ी प्रदेश का नाम गौरवान्वित करें। प्रदेश को खेलों में अग्रणी बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में खेल एवं युवा मामले विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खेलों को बढ़ावा देने के लिए की गई सभी बजटीय घोषणाओं की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए समयबद्ध एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए।

**■ उन्होंने कहा, अधिकारी बजटीय घोषणाओं की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं के सर्वांगीण विकास, उन्हें प्रोत्साहित करने तथा उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए राज्य सरकार शीघ्र ही युवा नीति लाएगी। खेल के बुनियादी ढांचे के साथ विज्ञान, विश्लेषण, काउन्सलिंग तथा पोषण का समावेश करते हुए खेल नीति-2024 भी तैयार की जा रही है।

शर्मा ने कहा कि ''खेलो इंडिया'' यूथ गेम्स की तर्ज पर ''खेलो राजस्थान'' यूथ गेम्स आयोजित करवाए जाएंगे, इससे स्थानीय स्तर की प्रतिभाओं को तराशा जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण युवाओं को खेल प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने की दृष्टि से प्रथम चरण में 10 हजार की आबादी वाली 163 ग्राम पंचायतों का चयन किया जा चुका है। यहां ओपन जिम एवं खेल मैदान बनाए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश का नाम खेल के क्षेत्र में उन्नति के शिखर पर ले जाने के लिए मिशन ओलंपिक 2028 की शुरूआत की गई है। इसके माध्यम से प्रदेश के 50 सबसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को ओलम्पिक खेलों के लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। इसके लिए जयपुर में 100 करोड़ रुपये की लागत से सेंटर ऑफ एक्सलैंस फॉर स्पोर्ट्स का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इसे शीघ्र पूरा किया जाए।

बैठक में शासन सचिव खेल एवं युवा मामले डॉ. नीरज के पवन ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विभाग की बजटीय घोषणाओं की प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

इस दौरान खेल एवं युवा मामले मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़, मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय शिखर अग्रवाल, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय आलोक गुप्ता सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## भाजपा और कांग्रेस ने ई.सी. के नोटिस का जवाब नहीं दिया

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 18 नवम्बर। भाजपा और कांग्रेस में किसी भी पार्टी ने चुनाव आयोग के उन नोटिसों का जवाब नहीं दिया, जिनका जवाब सोमवार को अपरान्ह 1 बजे दे देना चाहिये था। राहुल गांधी, प्रधानमंत्री मोदी तथा गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ की शिकायतों को लेकर जारी किये गये नोटिसों का जवाब देने के लिये दोनों ही पार्टियों ने सात दिन का समय और माँगा है। शनिवार को, आयोग ने मोदी और शाह के खिलाफ

**■ दोनों दलों ने एक दूसरे पर लगाए आरोपों के संदर्भ में जारी ई.सी. के नोटिस का जवाब देने के लिए 7 दिन का समय और मांगा है।**

कांग्रेस द्वारा की गई शिकायतों के सम्बंध में भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा को, तथा राहुल गांधी के खिलाफ की गई शिकायतों के सम्बंध में कांग्रेस अध्यक्ष को पत्र लिखे थे। चुनाव आयोग ने दोनों ही दलों को लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान भेजी गई एडवाइजरी भी याद दिलाई है तथा उनसे यह सुनिश्चित करने के लिये कहा है कि दोनों दलों के स्टार -प्रचारक ऐसे बयान देने तथा ऐसी टिप्पणियाँ देने से बचें, जो आदर्श आचार संहिता का निरादर करते हैं।

# एस.आई. भर्ती- 2021 पर हाईकोर्ट का यथास्थिति का आदेश

## प्रमुख गृह सचिव, डी.जी.पी. एस.ओ.जी. व आर.पी.एस.सी. सचिव से 22 नवम्बर तक जवाब मांगे

जयपुर, 18 नवंबर। राजस्थान हाईकोर्ट ने पेपर लीक को लेकर चर्चा में आई एस.आई. भर्ती, 2021 पर राज्य सरकार को यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही, अदालत ने मामले में प्रमुख गृह सचिव, डी.जी.पी., ए.डी.जी., एस.ओ.जी. और राजस्थान लोक सेवा आयोग के सचिव सहित, दो अन्य से 22 नवंबर तक जवाब तलब किया है। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने यह आदेश कैलाश चन्द्र शर्मा व अन्य की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता हरेन्द्र नील ने अदालत को बताया कि राजस्थान लोक सेवा आयोग ने 3 फरवरी, 2021 को पुलिस उपनिरीक्षक के पदों पर आवेदन मांगे थे। इसमें चार सौ अंक की लिखित परीक्षा और पचास अंक का साक्षात्कार रखा गया। भर्ती में 7.93 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया और 3.83 लाख अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा का आयोजन 13 सितंबर से 15 सितंबर 2021 तक हुआ। लेकिन पहली परीक्षा के दौरान ही पेपर लीक हो गया। इसकी एफ.आई.आर. भी दर्ज हो गई, लेकिन उसके बाद भी राज्य सरकार ने भर्ती की प्रक्रिया जारी रखी और 21 सितंबर 2023 को अभ्यर्थियों को नियुक्ति दे दी। इसके बाद एस.ओ.जी. ने 3 मार्च 2024 को परीक्षा के पेपर

**■ हाईकोर्ट के सामने प्रस्तुत याचिका में यह मुद्दा उठाया गया है कि यदि भर्ती में धांधली के बाद चयनित हुए अभ्यर्थियों को फील्ड पोस्टिंग दी गयी तो इससे भ्रष्टाचार बढ़ेगा।**

लीक का मामला दर्ज किया। एस.ओ.जी. के मामला दर्ज करने के बाद, इसमें आर.पी.एस.सी. के पूर्व सदस्यों और कई ट्रेनी एस.आई. सहित दर्जनों की गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। याचिका में कहा गया कि मामले में एस.ओ.जी., पुलिस मुख्यालय व राज्य के महाधिवक्ता भर्ती परीक्षा को रद्द करने की अनुशंसा कर चुके हैं। इसके बावजूद अब तक भर्ती को रद्द नहीं किया गया है। ऐसे में संभावना है कि भर्ती में चयनित हुए अभ्यर्थियों को ट्रेनिंग के बाद फील्ड पोस्टिंग दे दी जाएगी। यदि भर्ती में धांधली के बाद चयनित हुए अभ्यर्थियों को फील्ड पोस्टिंग दी गई तो इससे भ्रष्टाचार भी बढ़ेगा। भर्ती में धांधली के कारण याचिकाकर्ता चयन से वंचित हुए हैं। इसलिए इस भर्ती को रद्द किया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने भर्ती पर यथास्थिति बनाये रखने के आदेश देते हुए संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

## राघवेन्द्र शौकीन दिल्ली सरकार में मंत्री बने

नयी दिल्ली, 18 नवंबर (वार्ता) दिल्ली में जाट समाज के लोकप्रिय नेता राघवेन्द्र शौकीन मुख्यमंत्री आतिशी की कैबिनेट में नए मंत्री होंगे।

दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने सोमवार को पत्रकारों को बताया कि दिल्ली को एक नया कैबिनेट मंत्री मिल रहा है। उन्होंने कहा, पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने तय किया है कि राघवेन्द्र शौकीन कैबिनेट में मंत्री होंगे। हम सब जानते हैं कि राघवेन्द्र शौकीन जाट समुदाय के एक लोकप्रिय नेता हैं और उन्होंने शिक्षा

**■ वे लोकप्रिय जाट नेता हैं, जो दो बार विधायक व उससे पहले दो बार पार्षद रह चुके हैं।**

के क्षेत्र में काफी काम किया है। राघवेन्द्र शौकीन सिविल इंजीनियर भी रह चुके हैं। वह दो बार नांगलोई जाट से विधायक रहे हैं और उससे पहले दो बार पार्षद भी रहे हैं। उन्होंने दिल्ली सरकार में अलग-अलग समय पर विभिन्न क्षेत्रों में योगदान दिया है और दिल्ली देहात में सक्रिय राजनीति करते रहे हैं। पूरी उम्मीद है कि राघवेन्द्र शौकीन दिल्ली के लोगों की सेवा करेंगे और जो भी ज़िम्मेदारियां उन्हें मिलेंगी, उन्हें पूरी निष्ठा से निभाएंगे।

## कैलाश गहलोत ने भाजपा...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

मंत्री कैलाश गहलोत भाजपा में शामिल हो गए। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर सहित भाजपा के कई बड़े नेता मौजूद थे। कैलाश गहलोत ने एक दिन पहले ही आम आदमी पार्टी छोड़ी थी।

कैलाश गहलोत ने आप पार्टी के इन आरोपों को खारिज कर दिया कि उन्होंने दबाव में आकर भाजपा जॉइन की है। उन्होंने कहा, मैंने अपने पूरे जीवन में कभी भी कोई भी काम दबाव में आकर नहीं किया लेकिन गहलोत करीबी सूत्रों ने कहा कि उन्हें केन्द्र के एक वरिष्ठ मंत्री से संदेश मिला था कि अगर उन्होंने आज नहीं छोड़ी तो उनके खिलाफ केन्द्रीय एजेंसियां जांच शुरू करेंगी।

गहलोत ने कहा कि उन्होंने अपनी मर्जी से भाजपा जॉइन की क्योंकि आप से उनका मोह भंग हो गया है। दिल्ली की जनता की सेवा के लिए यह पार्टी बनी थी पर इसने अपने आदर्शों से पूरी तरह समझौता कर लिया है। यह दु:ख की बात है कि पार्टी ने दिल्ली की जनता पर व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं को तवज्जो दी।

पार्टी का पूरा समय केन्द्र के साथ ''टकराव में ही बीत रहा है।'' गहलोत ने कहा कि भाजपा जो भी जिम्मेवारी देगी उसे वे बखुबी निभाएंगे।

इससे पहले गहलोत को भाजपा में शामिल करते हुए खट्टर ने कहा, यह दिल्ली की राजनीति का टर्निंग पॉइन्ट है।

# मोदी हिंसाग्रस्त मणिपुर का दौरा करें-कांग्रेस

## कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि 31 जुलाई से मणिपुर में पूर्णकालिक राज्यपाल नहीं है

नयी दिल्ली, 18 नवंबर। कांग्रेस ने कहा है कि मणिपुर में फिर हिंसा भड़कने से वहां की स्थिति और बिगड़ रही है, इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तुरन्त मणिपुर का दौरा कर समस्या के समाधान के लिए राज्य के नेताओं की सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए।

कांग्रेस के मणिपुर के प्रभारी महासचिव गिरीश चोडनकर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के. मेघचंद्रा तथा कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी विदेश यात्रा के दौरान बड़ी -बड़ी बातें करते हैं, लेकिन खुद के देश में मणिपुर पिछले साल तीन मई से जल रहा है, किन्तु उसके बारे में कुछ नहीं सोचते और न वहां जाकर समस्या पर बात कर उसका समाधान निकालते हैं।

**■ नेताओं ने यह भी भी मांग की है कि प्रधानमंत्री को मणिपुर की समस्याओं के समाधान के लिए राज्य के नेताओं की सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए।**

संवाददाता सम्मेलन में मांग की गई कि मोदी मणिपुर जाएं, वहां के राजनीतिक दलों के नेताओं और राहत शिविर में रहने वाले लोगों से मिलें, मणिपुर के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल से मुलाक़ात करें।

कांग्रेस नेताओं ने कहा, गत 31 जुलाई से मणिपुर में पूर्णकालिक राज्यपाल नहीं हैं, इसलिए जल्द से जल्द वहां पूर्णकालिक राज्यपाल नियुक्त किया जाना चाहिए। विफलताओं के बावजूद, मणिपुर के मुख्यमंत्री को क्यों बचाया जा रहा है। मोदी तथा अमित शाह ईमानदारी से यदि ड्रग माफिया के खिलाफ लड़ाई लड़ना चाहते हैं, तो हाईकोर्ट में लंबित सभी केसज़ में कारवाई शुरू करवाएं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि मणिपुर में संवैधानिक तंत्र टूट चुका है, इसके बावजूद मणिपुर के मुख्यमंत्री को पद से नहीं हटाया गया - यह समझ से परे है।

कांग्रेस नेताओं ने कहा, हजारों लोग अपने घरों से विस्थापित हुए हैं, कई लोग मारे गए हैं, वहां डबल इंजन सरकार फेल हो गई है। हम उम्मीद करते हैं कि मामले की गंभीरता को समझते हुए, कांग्रेस की मांग को माना जाएगा।

## मोदी सोमवार सुबह ब्राज़ील पहुँचे

रियो डी जनेरियो/ नयी दिल्ली, 18 नवम्बर (वार्ता) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन देशों की यात्रा के दूसरे चरण में सोमवार सुबह ब्राज़ील के रियो डी जेनेरियो पहुंचे।

मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए ब्राज़ील के रियो डी जनेरियो पहुंच गया। मैं शिखर सम्मेलन के विचार-विमर्श और विभिन्न विश्व

**■ वे जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे।**

नेताओं के साथ सार्थक बातचीत की आशा करता हूं। मोदी के आगमन पर ब्राजील में भारतीय समुदाय के लोगों ने उनका गर्म जोशी से स्वागत किया। प्रधानमंत्री ने कहा, रियो डी जेनेरियो पहुंचने पर भारतीय समुदाय के गर्मजोशी भरे और जीवंत स्वागत से मैं बहुत प्रभावित हुआ। उनकी ऊर्जा उस स्नेह को दर्शाती है, जो हमें सभी महाद्वीपों से जोड़ता है। भारतीय समुदाय के लोगों ने मोदी का स्वागत संस्कृत में मंत्रोच्चार साथ किया। मोदी जी-20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के अलावा, विश्व नेताओं के साथ भी बातचीत करेंगे।

# महाराष्ट्र, झारखंड चुनाव में 1 हजार करोड़ की शराब-नकदी जब्त

## चुनाव आयोग के अनुसार यह जब्ती 2019 की तुलना में 7 गुना अधिक है

नयी दिल्ली, 18 नवंबर। चुनावों में मतदाताओं को प्रलोभन देने के हथकंडों पर रोक के लिए चुनाव आयोग की सख्ती के बीच प्रवर्तन एजेंसियों ने महाराष्ट्र और झारखंड, दोनों विधान सभा चुनावों के साथ-साथ उपचुनावों के प्रचार अभियान के दौरान, 1082 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी, शराब, ड्रग्स, मुफ्त उपहार और प्रलोभन की अन्य सामग्री जब्त की है।

आयोग ने सोमावार को जारी एक विज्ञिप्त में कहा कि इस बार महाराष्ट्र और झारखंड में कुल जब्ती 2019 की तुलना में सात गुना अधिक हुई है। दोनों राज्यों में प्रचार अभियान आज शाम पांच बजे थम गया। इस समय 14 राज्यों में उपचुनाव भी चल रहे हैं।

महाराष्ट्र और झारखंड राज्यों में कुल मिलाकर 858 करोड़ रुपये की

**■ चुनाव आयोग की इस सफलता में झारखंड व महाराष्ट्र के साथ 14 राज्यों का भी हाथ है, जहाँ उपचुनाव हो रहे हैं।**

जब्ती की गयी है, जो इन राज्यों में 2019 के विधानसभा चुनावों के दौरान की गई जब्ती से सात गुना अधिक है। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनावों में, महाराष्ट्र में 103.61 करोड़ रुपये की नकदी जब्त की गयी थी, जबकि झारखंड में जब्त राशि 18.76 करोड़ रुपये थी, जबकि इस बार जब्त नकदी क्रमशः 153.48 करोड़ रुपये और 14.84 करोड़ रुपये बतायी गयी है।

आयोग की विज्ञिप्त के अनुसार, महाराष्ट्र में इस बार 71.13 करोड़ रुपये की शराब, 72.14 करोड़ रुपये की नशीली दवाएं, 282.49 की महंगी धातुएं तथा 80.94 करोड़ रुपये के प्रलोभन के सामान जब्त किए गए।

झारखंड में इस बार 7.84 करोड़ रुपये की शराब, 14.84 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ, 8.38 की महंगी धातुएं तथा 152.22 करोड़ रुपये के प्रलोभन के सामान जब्त किए गए।

14 राज्यों में उपचुनाव के प्रचार अभियान के दौरान 13.65 करोड़ रुपये की नकदी 40.86 करोड़ रुपये की शराब 36.59 करोड़ रुपये की नशीली दवाएं 11.21 की महंगी धातुएं 121.60 करोड़ रुपये के प्रलोभन के सामान सहित, कुल 223.91 करोड़ रुपये की नकदी, शराब और सामान जब्त किए गए।

## सपा विधायक की पत्नी की सम्पत्ति जब्त

भदोही, 18 नवंबर। भदोही में समाजवादी पार्टी के विधायक जाहिद बेग की संपत्ति सोमवार को एम.पी. एम.एल.ए. कोर्ट के आदेश पर जब्त कर ली गई।

अपर पुलिस अधीक्षक डॉक्टर तेजवीर सिंह ने बताया कि समाजवादी पार्टी के भदोही विधायक जाहिद बेग के घर काम कर रही नाबालिग नौकरानी को आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने एवं दूसरी नाबालिग किशोरी को बंधक बनाकर घरेलू काम लेने के आरोप में पुलिस द्वारा मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

मामले में आरोपित विधायक जाहिद बेग व पुत्र जईम बेग ने न्यायालय

**■ भदोही के सपा विधायक जाहिद बेग की पत्नी पर नाबालिग नौकरानी को आत्महत्या के लिए उकसाने और एक अन्य नाबालिग नौकरानी को बंधक बनाने का आरोप है।**

में आत्मसमर्पण कर दिया था। समर्पण के बाद विधायक को केंद्रीय कारागार नैनी इलाहाबाद एवं पुत्र जईम को वाराणसी सेंट्रल जेल भेज दिया गया।

## महाराष्ट्र विधानसभा...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

फड़नवीस की टक्कर कांग्रेस के प्रफुल्ल गुडाढ़े से है। आज फड़नवीस नागपुर में अपने लिये तथा अन्य भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में एक जनसभा को सम्बोधित करेंगे। भाजपा प्रवक्ता माधव भंडारी ने कहा, ''फड़नवीस नागपुर दक्षिण-पश्चिम सीट से कम से कम पाँच बार निर्वाचित हो चुके हैं। परिसीमन की कवायद के कारण, इस सीट के क्षेत्र में बदलाव हुआ है।

अजित पवार बारामती सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। वे इस सीट से लगातार सात बार चुनाव जीत चुके हैं। वे 2019 में इस सीट से 1.67 लाख वोटों के रिकॉर्ड अन्तर से जीते थे। इस बार उनका मुकाबला उनके भतीजे युगेन्द्र पवार से है, जो शरद पवार के नेतृत्व वाली एन.सी.पी. (एस.पी.) के उम्मीदवार हैं।

राज्य कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने आज बाँधरा जिले के सकोली कस्बे में एक जनसभा को सम्बोधित किया। यहाँ उनका मुकाबला भाजपा के अविनाश ब्रह्मांकर से है। पटोले सबसे पहले 2009 में सकोली सीट से भाजपा प्रत्याशी के रूप में जीते थे। 2017 में, वे कांग्रेस में शामिल हो गये थे। 2019 में वे सकोली सीट से लगातार दूसरी बार जीते थे।

राज्य भाजपा अध्यक्ष चन्द्रशेखर बावनकुले, जो तीन बार विधायक रह चुके हैं, नागपुर में काम की सीट से फिर चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस ने उनके खिलाफ सुरेश भोयार को मैदान में उतारा है।

उद्धव ठाकरे, जो एम.एल.सी. हैं, ने विधान सभा चुनाव कभी नहीं लड़ा है। उन्होंने करजट तथा बाँद्रा में जनसभाओं को सम्बोधित किया।

एम.एन.एस. प्रमुख राज ठाकरे ने माहिम में रैली की। इस सीट से उनके बेटे अमित ठाकरे त्रिकोणीय संघर्ष में फँसे हुये हैं। इस सीट पर शिव सेना के सदा सर्वांकर तथा सेना (यू.बी.टी.) के महेश सावन्त चुनाव मैदान में हैं। अमित का यह पहला चुनाव है।

कांग्रेस नेता बालासाहेब थोराट, जो संगमनेर सीट से लगातार 8 बार विधायक रह चुके हैं, नौवीं बार भी वहीं से खड़े हैं। भाजपा के राधाकृष्ण विखे-पाटिल शिरडी से अपना आठवाँ चुनाव लड़ रहे हैं। रोहित पवार करजट जामखेड़ से अपना दूसरा चुनाव लड़ रहे हैं। यहाँ शरद पवार आज एक रैली करेंगे। छगन भुजबल येओला चुनाव क्षेत्र में एन.सी.पी. (एस.पी.) के माणिकराव शिन्दे की चुनौती का सामना कर रहे हैं। छगन भुजबल इस सीट पर पिछले 20 वर्षों से जीतते आ रहे हैं।

मुम्बई के चुनाव पर सारी दुनिया की नजरें हैं, क्योंकि यहाँ के चुनाव परिणाम देश की वित्तीय राजधानी से एक ताकतवर सन्देश देंगे।

## 'उपचुनाव तय करेंगे यूपी का भविष्य'

लखनऊ 18 नवंबर। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को कहा कि उत्तर प्रदेश आज़ादी के बाद के सबसे कठिन उपचुनावों का गवाह बनने जा रहा है। यह उपचुनाव उत्तर प्रदेश के भविष्य का रुख़ तय करेंगे।

यादव ने मतदाताओं के नाम अपील जारी कर कहा कि इन उपचुनावों में लोकसभा 2024 के चुनावों की तरह भाजपा की नकारात्मक राजनीति को फिर से धूल चटाने और संविधान, लोकतंत्र, आरक्षण व सामाजिक न्याय के संघर्ष को बचाने के लिए पूरा पीडीए समाज सभी नौ सीटों पर एकजुट है।

# मणिपुर में सुरक्षाबलों की 50 और कम्पनियाँ भेजी जाएंगी

नयी दिल्ली 18 नवम्बर। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मणिपुर में हिंसा की बढ़ती घटनाओं के बीच सोमवार को यहां लगातार दूसरे दिन वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक में सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की और सुरक्षा बलों तथा राज्य एजेन्सियों से राज्य में शांति व्यवस्था कायम करने के कदम उठाने को कहा।

इस बीच केन्द्र सरकार मणिपुर में कानून व्यवस्था की स्थिति बनाये रखने के लिए केन्द्रीय पुलिस बलों की तैनाती

**■ वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों की बैठक में अमित शाह ने यह निर्णय लिया।**

भी बढ़ा रही है और वहां केन्द्रीय पुलिस बलों की 50 अतिरिक्त कंपनियां भेजी जा रही हैं। इससे पहले भी केन्द्र ने वहां 20 कंपनियां तैनात की थीं।

मणिपुर में हिंसा की ताजा घटनाओं के कारण बढ़ते तनाव के मद्देनजर, शाह ने रविवार को महाराष्ट्र में चुनाव प्रचार के कार्यक्रम को अधूरा छोड़कर नॉर्थ ब्लॉक में वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों के साथ आपात बैठक में मणिपुर की स्थिति की समीक्षा की थी। उल्लेखनीय है कि मणिपुर में हिंसा की ताजा घटनाओं के बाद कई जिलों में कर्फ्यू लगा दिया गया है और कुछ अन्य क्षेत्रों में इंटरनेट सेवाएं भी बंद हैं।

हिंसा की घटनाओं के बाद, उग्र भीड़ ने कुछ विधायकों और मंत्रियों के घरों पर तोड़फोड़ तथा आगजनी भी की है, जिससे राज्य के कुछ हिस्सों में तनाव की स्थिति बनी हुई है।

## के. संजय मूर्ति नए सी.ए.जी. नियुक्त

नयी दिल्ली 18 नवंबर। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 1989 बैच के हिमाचल प्रदेश कैडर के अधिकारी के. संजय मूर्ति को नया कंट्रोलर एण्ड ऑडिटर जनरल (सी.ए.जी.) अर्थात नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक नियुक्त किया गया है। इस संबंध में आज अधिसूचना जारी की गई है, जिसमें कहा गया है कि राष्ट्रपति ने संविधान के अनुच्छेद 148 के खंड (एक) के तहत यह नियुक्ति की है।

**■ संजय मूर्ति हिमाचल प्रदेश कैडर के 1989 बैच के आई.ए.एस. अफसर हैं।**

# पांच माह के बच्चे की कॉकलियर इम्प्लांट सर्जरी

नयी दिल्ली 18 नवंबर (वार्ता) जन्म से ही कम सुनने के विकार से पीड़ित पांच महीने के शिशु में देश में पहली बार कॉकलियर इम्प्लांट सर्जरी करके चिकित्सा जगत में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की गयी है।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में, फरीदाबाद के सर्वोदय अस्पताल में ई.एन.टी. एवं कॉकलियर इम्प्लांट विभाग के निदेशक डॉ. रवि भाटिया ने सोमवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि इतनी छोटी उम्र में यह सर्जरी भारत में पहली बार हुई है। शिशु को जन्म से ही सुनने की समस्या थी। इस प्रक्रिया में मरीज के कान में एक छोटा इलेक्ट्रॉनिक उपकरण स्थापित किया जाता है।

**■ देश में इतने छोटे बच्चे की यह सर्जरी पहली बार हुई है।**

एक अध्ययन के अनुसार भारत में जन्म लेने वाले हर 1000 बच्चों में से चार से छह बच्चों में जन्म से ही कम सुनने का विकार होता है। इस स्थिति में बच्चे सुनने की कम क्षमता के साथ जन्म लेते हैं। यह दोष या तो गर्भ में पल रहे शिशु के ऑडिटरी सिस्टम के असामान्य विकास के कारण होता है या माता-पिता से आनुवंशिक विकार के रूप में मिलता है। कई नवजात शिशुओं की सुनने की क्षमता की जाँच की ही नहीं जाती है, इसलिए इस दोष से पीड़ित शिशुओं की संख्या और ज्यादा होने का अनुमान है।

डॉ.भाटिया ने बताया साढ़े चार महीने के शिशु को सर्वोदय अस्पताल के सेंटर ऑफ ई.एन.टी. एवं कॉकलियर इम्प्लांट में भर्ती कराया गया था।

शिशु के पिता को भी जन्म से ही कम सुनने की समस्या थी। अस्पताल में शिशु का विस्तृत ऑडियोलॉजिकल परीक्षण किया गया और कॉकलियर इम्प्लांट सर्जरी करने का निर्णय लिया। अब वह शिशु 10 महीने का हो चुका है और एक स्वस्थ एवं सामान्य जीवन व्यतीत कर रहा है।

## देश को...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

किलोमिटर में फैला है।

इसका नाम गुरू घासीदास तमोरे पिंगला टाइगर रिजर्व रखा गया है।

सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री ने लिखा कि, भारत टाइगर संरक्षण के नए सोपान तय कर रहा है।

हमने गुरू घासीदास तमोरे पिंगला टाइगर रिज़व को छत्तीसगढ में छप्पनवें टाईगर रिज़र्व के रूप में अधिसूचित कर दिया है। यह 2829 वर्ग किलामीटर में फैला है।

राष्ट्रदूत ( एचयूएफ ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा मैसर्स अरावली प्रिन्टर्स, राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर ( राजस्थान ) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 65015/96, जयपुर कार्यालयः सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोनः 2372634, 4103333-34 फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोनः 2386031, 2386032,फैक्सः0744-2386033, उदयपुर कार्यालयः आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, फैक्स : 0294-2410146, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोनः 2200660, फैक्स 0151-2527371, जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्सः 01562-256908